प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 मंगलवार दिनांक 11.03.2025

मुख्य समाचारः—

- केंद्र सरकार अगले तीन साल में देश के हर जिले में 'डे केयर कैंसर सेंटर' खोलेगी।
- राज्य विधानसभा में आज प्रश्नकाल में महतारी वंदन योजना के पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ नहीं मिलने का मुद्दा गूंजा—विपक्ष ने किया बहिर्गमन।
- विधानसभा में आज मंत्री लखनलाल देवांगन और लक्ष्मी राजवाड़े के विभागों से संबंधित अनुदान मांगें पारित।
- कल बारह मार्च से शुरू होगा ''बस्तर पंडुम''।

डे केयर कैंसर सेंटर

केंद्र सरकार अगले तीन साल में देश के हर जिले में 'डे केयर कैंसर सेंटर' खोलेगी। आज राज्यसभा में एक पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने कहा कि वर्ष दो हजार पच्चीस—छब्बीस में दो सौ डे केयर कैंसर सेंटर खोले जाएंगे। हाल ही में आई एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए श्री नड्डा ने कहा कि आयुष्मान भारत—पीएम जन आरोग्य योजना के क्रियान्वयन से कैंसर रोगियों का स्क्रीनिंग के तीस दिनों के भीतर उपचार शुरू हो जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए काम कर रही है।

विस—महतारी वंदन योजना/धान नीलामी

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के ग्यारहवें दिन आज प्रश्नकाल में कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी ने महतारी वंदन योजना के तहत पात्र हितग्राहियों की संख्या के बारे में जानकारी मांगी। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत तीन हजार नौ सौ इकहत्तर हितग्राहियों को एक भी किश्त का भुगतान नहीं किया गया है। जवाब में महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि उनहत्तर लाख से ज्यादा महिलाओं को इस योजना का लाभ मिल रहा है। जिन हितग्राहियों का आधार कार्ड, बैंक अकाउंट से लिंक नहीं है या अन्य कारणों से उन हितग्राहियों को ही राशि का भुगतान नहीं हुआ है। श्रीमती राजवाड़े द्वारा दी गई जानकारी से कांग्रेस विधायक संतुष्ट नहीं हुए और उन्होंने सदन से बहिर्गमन कर दिया।

सदन में आज विपक्षी सदस्यों ने धान निष्पादन पर स्थगन प्रस्ताव लाया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने धान की नीलामी से प्रदेश को आठ हजार करोड़ रुपए के नुकसान की बात कही। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष भी धान का निष्पादन नहीं हो पाया था। केन्द्र सरकार पर छत्तीसगढ़ की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए श्री बघेल ने राज्य सरकार को केंद्र सरकार से अनुरोध करने को कहा। वहीं, डॉक्टर महंत ने चर्चा के दौरान कहा कि छत्तीसगढ़ के किसानों और गरीबों को उनके हक की राशि मिलनी चाहिए।

खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने सरकार की तरफ से स्थगन प्रस्ताव पर जवाब दिया। इसके बाद, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने कांग्रेस विधायकों के स्थगन प्रस्ताव को खारिज कर दिया। स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा कराने की मांग करते हुए विपक्षी सदस्य गर्भगृह में पहुंच गए। विधानसभा के नियमानुसार गर्भगृह में पहुंचने वाले विपक्षी सदस्य स्वमेव निलंबित हो गए। बाद में सभी विधायकों का निलंबन समाप्त कर दिया गया। इसके बाद सदन की कार्यवाही दस मिनट के लिए स्थगित कर दी गई।

अनुदान मांग—पारित

राज्य विधानसभा में आज वाणिज्य और उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के विभागों से संबंधित नौ सौ पैंसठ करोड़ रूपये से अधिक की अनुदान मांगों को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इनमें वाणिज्य और उद्योग विभाग से संबंधित व्यय के लिए सात सौ नौ करोड़ सतासी लाख रूपए तथा श्रम विभाग के लिए दो सौ पचपन करोड़ इकतीस लाख रूपए से ज्यादा की राशि शामिल हैं।

वहीं, महिला और बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के विभागों से संबंधित अनुदान मांग भी आज सदन में ध्वनिमत से पारित हो गई।

सदन में इस समय राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के विभागों से संबंधित अनुदान मांगों पर चर्चा जारी है।

उड़द दाल—आयात

केन्द्र सरकार ने उड़द दाल के शुल्क मुक्त आयात को अगले वर्ष इकतीस मार्च तक के लिए बढ़ा दिया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय की एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई है। पहले यह प्रावधान इस वर्ष मार्च के अंत तक के लिए लागू था। इस पहल से घरेलू बाजारों में उड़द की कीमतों को स्थिर करने में मदद मिलेगी।

भाजपा—जांच समिति

कोरबा नगर पालिक निगम में सभापति चुनाव में भाजपा से अलग होकर नूतन सिंह ठाकुर ने सभापति का चुनाव लड़ा था। उनकी जीत के बाद उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने पत्रकारों से चर्चा में नूतन सिंह ठाकुर को बधाई दी थी। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने मंत्री लखनलाल देवांगन को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने मीडिया से बातचीत में कहा कि हमारे यहां में अनुशासन का बहुत महत्व है। जहां कहीं भी ऐसा विषय आता है, संबंधित व्यक्ति को नोटिस भेजा जाता है।

इस मामले की जांच के लिए भारतीय जनता पार्टी ने तीन सदस्यीय टीम का गठन किया है। समिति के संयोजक पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल को बनाया गया है। यह समिति सात दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

बस्तर पंडुम

छत्तीसगढ़ की आदिवासी संस्कृति और परंपरा को जीवंत बनाए रखने के उद्देश्य से कल बारह मार्च से "बस्तर पंडुम" का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के माध्यम से बस्तर की समृद्ध लोककला, रीति—रिवाज, पारंपरिक जीवनशैली और सांस्कृतिक विरासत को संजोने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

"बस्तर पंडुम" में जनजातीय नृत्य, गीत, नाट्य, वाद्ययंत्र, पारंपरिक वेशभूषा तथा आभूषण, शिल्प—चित्रकला, जनजातीय व्यंजन और पारंपरिक पेय से जुड़ी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। यह स्पर्धा तीन चरणों में संपन्न होंगी। जनपद स्तरीय प्रतियोगिता बारह से बीस मार्च तक, जिला स्तरीय प्रतियोगिता इक्कीस से तेईस मार्च तक और संभाग स्तरीय प्रतियोगिता दंतेवाड़ा में एक से तीन अप्रैल तक होगी। इस आयोजन में समाज प्रमुखों, जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ नागरिकों को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाएगा। यह महोत्सव न केवल बस्तर के प्रतिभाशाली कलाकारों को एक मंच प्रदान करेगा, बल्कि उनकी कला को नई पहचान और प्रोत्साहन भी देगा।

सुकमा—क्षेत्रीय सरस मेला

सुकमा जिले में आज से तीन दिवसीय क्षेत्रीय सरस मेला शुरू हो गया है। मेले के शुभारंभ अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप और विधायक तथा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव शामिल हुए। इस मेले में बस्तर संभाग के सभी जिलों के स्व—सहायता समूहों द्वारा उत्पादित सामग्रियों की प्रदर्शनी लगाई गई है। सरस मेले के दौरान दो दिवसीय किसान मेले का भी आयोजन किया जा रहा है। साथ ही जैविक कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई

गई है। किसान मेले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड और एग्री स्टेक किसान का पंजीयन किया जा रहा है।

डीएमएफ घोटाला मामला–रिमांड

जिला खनिज निधि–डीएमएफ घोटाला मामले में आरोपी रानू साहू, सौम्या चौरसिया, सूर्यकांत तिवारी, माया वारियर और मनोज द्विवेदी को आज एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी और आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू की विशेष कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए सभी आरोपियों की न्यायिक रिमांड अवधि उन्नीस मार्च तक बढ़ा दी है।

इस बीच, सौम्या चौरसिया और रानू साहू ने जमानत याचिका दायर की है। कोर्ट में इस पर सत्रह मार्च को सुनवाई होगी।

अग्निवीर–आवेदन प्रक्रिया

भारतीय सेना में अग्निवीर की भर्ती के लिए कल बारह मार्च से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी, जो दस अप्रैल तक चलेगी। अग्निवीर की भर्ती जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेडमेन, महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती धर्म गुरू, नर्सिंग सहयोगी तथा सिपाही फार्मा के पदों पर की जाएगी। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी, सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के टेलीफोन नंबर – शून्य सात सात एक– दो नौ छह पांच दो एक दो या फिर शून्य सात सात एक–दो नौ छह पांच दो एक चार पर संपर्क कर सकते हैं। सेना के अधिकारियों ने बताया है कि भारतीय सेना में चयन निष्पक्ष, पारदर्शी और केवल योग्यता के आधार पर किया जाता है, इसलिए किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति के झांसे में न आए।

रायपुर कलेक्टर–बैठक

रायपुर कलेक्टर डॉक्टर गौरव सिंह ने आज साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी–कर्मचारी समय पर कार्यालय पहुंचे। साथ ही बॉयोमेट्रिक अटेंडेस सिस्टम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराए। उन्होंने कहा कि देर से कार्यालय आने और समय से पहले कार्यालय छोड़ने वाले अधिकारी–कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी–कर्मचारी कार्यालय आने वाले लोगों की समस्याओ को संवदेनशीलता के साथ सुने और उनका समाधान करने का प्रयास करें।

गैंगस्टर अमन साव–मौत

रायपुर जेल से झारखंड ले जाए जा रहे गैंगस्टर अमन साव की पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मौत हो गई है। यह घटना झारखंड के पलामू जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र में हुई है। बताया जा रहा है कि एनटीपीसी के डीजीएम की हत्या और रांची में ट्रांसपोर्टर को गोली मारने की घटना के बारे में पूछताछ के लिए अमन साव को रायपुर से रांची ले जाया जा रहा था। इसी दौरान उसने पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने की कोशिश की। पुलिस द्वारा जवाबी कार्रवाई में अमन साव मारा गया।